मुझे अपना बना लो श्याम

मुझे अपना बना लो श्याम,
बेटी कह बुला लो श्याम,
मैं तेरी हु बता दे तू, गले फिर से लगा ले तू,
मुझे अपना बना लो श्याम,
ओ श्याम, मेरे श्याम, ओ श्याम, मेरे श्याम.......

तेरे दर्शन को सांवरिया, मेरी पलके तरसती है,
तेरी यादो के आँगन में, कितना ये बरसती है,
आकर प्यास बुझा देना, गोदी में सुला लेना,
मैं तेरी हु बता दे तू, गले फिर से लगा ले तू,
ओ श्याम, मेरे श्याम, ओ श्याम, मेरे श्याम.......

मेरे मन के मंदिर में, बसी तेरी ही मूरत है,
दुनिया के नजारो से वो लगती खूबसूरत है,
तेरी सेवा मेरा जीवन, तेरी पूजा मेरा अर्पण,
मैं तेरी हु बता दे तू, गले फिर से लगा ले तू,
ओ श्याम, मेरे श्याम, ओ श्याम, मेरे श्याम.......

सुना हे मेने सांवरिया, तू हारो का सहारा है,
डूब रही मेरी कश्ती, मिला ना कोई किनारा है,
मांझी बन के आ जाना, साहिल से मिला जाना,
मैं तेरी हु बता दे तू, गले फिर से लगा ले तू,
ओ श्याम, मेरे श्याम, ओ श्याम, मेरे श्याम.......

गमो की काली बदरी श्याम, अरचू के सिर मंडराए,
गर्दिशो की आंधी में , हौसला टूट ना जाए,
सम्भालो तुम मुझे भगवन, थमा दो अपना अब दामन,
मैं तेरी हु बता दे तू, गले फिर से लगा ले तू,
ओ श्याम, मेरे श्याम, ओ श्याम, मेरे श्याम.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32310/title/mujhe-apna-bana-lo-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |